तीज महोत्सव में हाथों पर रची मेहंदी दिखातीं महिलाएं।

प्रदेश में उमड़ रहे आफत के बादल

देहरादून (एसएनबी)। रविवार सुबह से आसमान में उमड़-घुमड़ रहे मेघ उस तरह नहीं बरसे जैसी चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की थी। इसके बावजूद अगले 36 घंटे तक राज्य में आफत की आहट बनी हुई है। राजधानी व आसपास के मैदानी इलाकों में रविवार को मौसम का मिलाजुला असर रहा। पूर्वाह्न व अपराह्न आसमान में सावन के मेघ गरजे मगर देर शाम तक बरसे नहीं। मसूरी में भी पल-पल मौसम का मिजाज बदलता रहा। अपराह्न बाद हल्की बारिश होने से वातावरण में ठंड का अहसास रहा। ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की व विकासनगर आदि मैदानी क्षेत्रों में भी आसमान में बादलों की आमद रही। दोपहर को वातावरण में उमस का प्रभाव रहा। उधर, पर्वतीय क्षेत्रों में पूर्वाह्न व अपराह्न बारिश होने की खबर है। चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी व पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले स्थानों पर कहीं-कहीं तेज बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

अलकनंदा व मंदाकिनी नदियों का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोग डरे हुए हैं। पिछले 11 दिनों से रुकी केदारनाथ यात्रा रविवार से दोबारा शुरू कर दी गई है। बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री की यात्रा पहले ही शुरू की जा चुकी है। अगले एकाध दिन राज्य में बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। उत्तरकाशी, नैनीताल व देहरादून जनपद में अपेक्षित भारी बारिश के आसार हैं। चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ व बागेश्वर जनपद में भी कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है। राजधानी व आसपास के मैदानी क्षेत्रों में एक-दो दौर गरज के साथ बारिश की बौछार पड़ सकती है। कुल मिलाकर राज्य में दो-तीन दिन बारिश के लिहाज से भारी रहेंगे।

मौसम विभाग ने रविवार को देहरादून सहित चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी आदि जनपदों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया था। मौसम विभाग से मिली चेतावनी को मद्देनजर रखते हुए स्थानीय प्रशासन ने कई जगह हाईअलर्ट भी जारी कर दिया था। शुक्र रहा कि मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुरूप मेघ उतने बरसे नहीं। बावजूद इसके पर्वतीय क्षेत्रों में आफत की आहट बनी हुई है। मध्यम गति से बरस रहे मेघ भी लोगों के सामने दुश्वारियां खड़ी कर दे रहे हैं। रविवार को सुबह से आसमान में गरज रहे मेघ भले ही कुछ नरम पड़ गये लेकिन सोमवार व मंगलवार को भी मेघ फिर बरस सकते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि कुछ जनपदों में अपेक्षित भारी बारिश होने की संभावना है। चारधाम सहित आपदा संभावित क्षेत्रों में खास एहतियात बरती जानी चाहिए। छोटी-बड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती क्षेत्रों में भी खास सतर्कता बरतने की जरूरत है।

मौसम

- राजधानी व आसपास के मैदानी क्षेत्रों में मिला-जुला रहा मौसम का असर
- पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं गरज के साथ बरसे मेघ
- आज अनेक स्थानों पर मध्यम अथवा मध्यम से अधिक वर्षा होने की संभावना
- मौसम विभाग ने आपदा संभावित क्षेत्रों व तटवर्ती इलाकों में सतर्कता बरतने की दी सलाह

जैन धर्मशाला में तीज महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करती बच्ची।

याशी बनी तीज बहू, रश्मि तीज सास

देहरादून (एसएनबी)। जैन मिलन देहरादून ने तीजोत्सव का आयोजन किया। सावन के गीतों व लोकनृत्यों की मोहक प्रस्तुतियों के साथ महिलाओं ने तीज की खुशियां मनाई। इस मौके पर तीज बहू, सास व ससुर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

- जैन मिलन ने किया तीजोत्सव का आयोजन

रविवार को गांधी रोड स्थित जैन धर्मशाला में भगवान महावीर की प्रार्थना व वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। जैन मिलन की वीरांगनाओं ने सावन के गीत सुनाकर भावविभोर कर दिया। तरुषी जैन, अंशिका जैन, प्राची जैन,स्नेहा जैन व महक जैन ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुतियां दी। तीज बहू प्रतियोगिता में याशी जैन को तीज बहू का ताज पहनाया गया। रश्मि जैन को तीज सास चुना गया। राकेश कुमार जैन व आरके जैन को तीज किंग ससुर का ताज पहनाया गया। महिलाओं को शारदा जैन ने सुहाग पिटारी भेंट की।

अनिता, सपना व सलोनी के सिर सजा तीज का ताज

अग्रवाल महिला महासभा ने धूमधाम से तीजोत्सव मनाया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ महिलाओं ने परंपरागत तीज व सावन के गीत गाकर झूमने पर मजबूर कर दिया। रविवार को अग्रवाल भवन में तीजोत्सव की धूम रही। सलोनी व साथी कलाकारों ने समूह नृत्य कर तीज व हरियाली का संदेश दिया। ढोल बाजे नगाड़े संग ढोल बाजे..आजा नच ले..मय्या यशोदा ये तेरा कन्हैया..सहित अन्य गीतों पर महिलाओं ने नृत्य कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। विभा, कुशा, कविता और प्राची ने युगल नृत्य किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने हास्य नाटिका के जरिए सभी को खूब हंसाया। 45 वर्ष आयु वर्ग में तीज क्वीन प्रतियोगिता में तीज मल्लिका का ताज अनिता गोयल के सिर सजा। 45 वर्ष से कम आयु वर्ग में सपना गोयल को तीज मयूरी व अतिथि वर्ग में तीज बहारा का खिताब सलोनी को मिला। पूजा गर्ग ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

यमुना कालोनी में तीज महोत्सव में नृत्य करतीं महिलाएं।

क्षिप्रा-मीनाक्षी बनी तीज सुंदरी

उत्तरांचल वैश्य अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित तीज महोत्सव में सावन के गीतों पर महिलाओं ने एकल व सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब झुमाया। इस दौरान तीज सुन्दरी प्रतियोगिता में क्षिप्रा व मीनाक्षी न्र प्रथम स्थान हासिल किया। रविवार को आफिसर क्लब यमुना कालोनी में उत्तरांचल वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अर्चना सिंघल की गणेश वंदना से हुआ। तत्पश्चात ईशा अग्रवाल ने 'पिया से मिलकर..', मधु गुप्ता ने 'कालारे बालम मेरा..', बीना अग्रवाल 'सव सपना..' गोयल ने 'हवा के झोंके आज..', रीना, अल्का, शशि, अंजू व नेहा ने 'सावन की आई रे बहार..', मीनू गुप्ता ने 'बरसात में जब आएगा सावन का महीना..', एकता गुप्ता ने 'चुडी भी जिद पै आइ..', पिंकी गुप्ता ने 'निबुडा निबुडा ..' गीतों पर शानदार नृत्य कर दर्शकों का मन मोहा।

महोत्सव में दो वर्गों में तीज सुन्दरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 30 वर्ष से कम आयु में क्षिप्रा मित्तल प्रथम, पल्लवी गुप्ता द्वितीय व सोनम अग्रवाल तृतीय तथा 30 वर्ष से अधिक आयु में मीनाक्षी सिंघल प्रथम, निशा रस्तोगी द्वितीय व एकता गुप्ता तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के निर्णायक रीता गोयल, सुनीता बंसल,मोनिका अग्रवाल, इति मित्तल, वंदना बंसल, कविता अग्रवाल रहे।

सर्वे ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

यूनेस्को क्लब दून वैली सेंट्रल ने भी मनाया तीजोत्सव

देहरादून। यूनेस्को क्लब दून वैली सेंट्रल ने रविवार को सहारनपुर रोड स्थित होटल में तीजोत्सव मनाया। मानसून धमाल तीजोत्सव में क्लब से जुड़ी महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से तीज से जुड़ी यादों को ताजा किया। मानसून धमाल तीजोत्सव टिप टिप बरसा पानी की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने लघु हास्य नाटिका 'शादी की कुर्सी सरकारी कुर्सी' प्रस्तुत कर सभी को खूब हंसाया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष डा. मुकेश गोयल, ऊषा बंसल, संजीव मेहंदीरत्ता सहित क्लब से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे।

यूनेस्को क्लब दून वैली सेंट्रल देहरादून के तीजोत्सव में प्रस्तुति देती बालिका।

CAREER watch....

GREENWAY INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES
Affiliated to Uttarakhand Technical University, Dehradun
Courses Offered
BBA | B.Sc. (Fashion Designing)
BCA | B.Sc. (Computer Science)
B. Com | B.A. (Mass Com.)
B.Lib | B.Sc. (Animation)
M.Lib. | Counselling open on all 7 days. (Including Sunday)
Our Features: Fully Air-Conditioned wi-fi Campus; Girls and Boys Hostel Facility; Transportation Facility; Digital Classrooms for the first time in Uttarakhand
Web : www.greenwaystudies.com
Contact- 8979310320, 9359391413, 8126707420
Puhana Crossing, Roorkee-D.Dun Road, Khanpur (Haridwar)
Email: gims.admission@gmail.com

Smt. Tarawati Institute Of Bio-medical & Allied Sciences
Approved By " AICTE, Ministry of Hrd Govt. Of India, PCI New Delhi Affiliated To : UTU, Dehradun, UBTE, Roorkee
Admission/Registration Open For
M. PHARMA PHARMACEUTICS | B. PHARMA FOUR YEAR DEGREE COURSE
D_PHARMA TWO YEAR DIPLOMA COURSE Eligibility : As Per State Govt/UBTE
Dehradun Road, Saliyar, Roorkee, Haridwar
Mobile :08126065915,09012046812,09917260189
E-Mail : stibusphurm.com, Website : www.stibas.org

An ISO 9001-2008 Certified Institute
SIX SIGMA INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
SUNDAY OPEN | पॉलीटैक्निक | FREE USEFUL Counselling for JCCP Students
AICTE Approved & Affiliated to UBTE Roorkee
COURSES OFFERED: Mechanical Production; Mechanical Automobile; Electrical; Electronics; Civil
All India Excellence Award WINNER
Admission Eligibility: 10th Pass with Science & Maths; Diploma/2nd Year (12th Pass with PCM in ITI)
SCHOLARSHIP UP TO RS. 20000.00 FOR STUDENTS HAVING MARKS 60% & ABOVE IN 10TH OR DIP. MARK UP TO 70%
HOSTEL/BUS Facility | The Best PLACEMENT of Uttarakhand | SC/ST Qualified & Div 100% फीस माफ
Campus : Jafarpur-Dineshpur Road, RUDRAPUR
www.sbsigma.org.in
Email : info@sbsigmainstitute.net 9639322220/21

SWAMI DARSHNANAND INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
APPROVED BY : AICTE, MHRD, Govt. of India
Affiliated to : Uttarakhand Technical University, Dehradun & Uttarakhand Board of Technical Education, Roorkee
MBA | 064 (UTU) | BBA | BCA
POLYTECHNIC
Mechanical/Electrical/Civil/Electronic/CS (067-UBTER)
Note : Scholarship for SC/ST & Discount in Fees for Meritorious Students
Visit as at : Gurukul Mahavidyalaya, Ranipur, Haridwar
Ph: 8791313033, 9219450777
E-mail : sdimt.mt@gmail.com Web: www.sdimt.org http://www.sdimtpolytechnic.org

होटल मैनेजमेंट
Applications are invited in the following job oriented courses :-
MBA (HM) | BHM | DHM | PGDHM
1 Year Certificate Course- | Cookery | F&B Service | Housekeeping & Front Office
SC/ST/OBC/अन्य/दिव्यांग
For information, call at- 9837080706, 9917093069, 8449050607
Amazon Institute of Hotel Tourism & Management
Sahastradhara Road, Near Petrol Pump, Dehradun
www.aihmindia.com, Email : amazon.ihtm@gmail.com

MINERVA
Institute of Management & Technology
(Affiliated to Uttarakhand Technical University, Dehradun)
Shri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalaya Uttarakhand
Ph. 135-2772005, 9458312005, 9458312006
For 10% Scholorship
Get Admission Before 30th June 2014
Biggest Campus With Complete Practical Facilities
Degree & Professional Diploma Courses in
Fine Arts | Animation & Multimedia | Fashion Designing | Journalism & Mass Com.
Scholarship for deserving candidates • Hostel facility available
Local transport facility for students • 100% Job Assistance

Contact for advertisement :- 9758747321

संगीत मंदिर के कलाकारों ने बांधा समां

देहरादून (एसएनबी)। अंनत गोपाल संगीत मंदिर ने वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस मौके पर संगीत मंदिर से जुड़ी छात्राओं ने क्लासिक्ल नृत्यों के साथ ही लोक गीतों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। रविवार को हाथीबड़कला स्थित सर्वे ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ भगवान गणेश व देवी सरस्वती की वंदना से हुआ। छात्राओं ने संगीतमयी गणेश वंदना में शास्त्रीय नृत्य की मोहक छटा बिखेरी। इसके अलावा गंगावतरणम के जरिए गंगा का शिव की जटा से निकलकर धरती पर आने को नृत्य नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया। कलाकारों ने इंडो वेस्टर्न म्यूजिक में वाद्य यंत्रों पर मधुर धुनें सुनाई। मंजप कौर, पारखी, गौरका, अंवतिका, हर्षिता ने नृत्य की मोहक प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर किया। इस अवसर पर स्वर्ण राजेश्वरी, अमित कपूर, साधना शर्मा व कार्यक्रम की आयोजक प्रतिभा सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

संविदा शिक्षकों ने मुंह पर काली पट्टी बांध कर निकाला जुलूस

देहरादून (एसएनबी)। पांच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षकों ने रविवार को मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकाला। उन्होंने आंदोलन के बावजूद शासन द्वारा मांगों पर कोई कार्रवाई न करने पर रोष व्यक्त करने के साथ ही 28 जुलाई को सचिवालय कूच करने की घोषणा की।

- पांचवें दिन भी धरना जारी, आज करेंगे सचिवालय कूच

पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षक सोसायटी ने हिन्दी भवन के निकट रविवार को पांचवें दिन भी अपना धरना जारी रखा। सोसायटी के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि अभी तक शासन-प्रशासन ने संविदा शिक्षकों की कोई सुध नहीं ली है। शासन की ओर से अभी तक वार्ता करने के लिए भी कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। इसके चलते सोसायटी को आंदोलन तेज करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 28 जुलाई को संविदा शिक्षक सचिवालय कूच कर सरकार व शासन को जगाने का प्रयास करेंगे। बाद में उन्होंने काली पट्टी बांधकर जुलूस निकालकर अपना विरोध व्यक्त किया।

इस मौके पर खगेन्द्र अवस्थी, संदीप फरस्वाण, राजीव मंद्रवाल, धीरेन्द्र कुमार, सुमित कुमार, पूनम, श्वेता, अंजलि समेत कई संविदा शिक्षक शामिल थे। विदित हो कि मानदेय में बढ़ोतरी, संविदा शिक्षकों के पदों को आयोग व समूह ग के दायरे से बाहर करने समेत पांच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

सहारनपुर दंगों को लेकर दून पुलिस सतर्क

देहरादून (एसएनबी)। सहारनपुर दंगों के बाद दून पुलिस पूरी चौकसी बरत रही है। एक दिन पहले जारी हुए अलर्ट के बाद रविवार को भी पुलिस टीम आईएसबीटी व अन्य स्थानों पर रातभर चेकिंग करती रही। बाहर से आने वाले व यहां से बाहर जाने वाले निजी वाहनों को पूरी तरह से खंगाला गया। आने-जाने वालों के सामान की तलाशी ली गई। हालांकि चेकिंग के दौरान कुछ आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

- आईएसबीटी व अन्य स्थानों पर रात भर चलती रही चेकिंग

एसएसपी अजय रौतेला ने सभी अधिकारियों को परिस्थितियों पर पैनी निगाह रखने के निर्देश दिए हैं। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस गश्त चलती रही। सहारनपुर से दून की लगती सीमा तथा लगातार होने वाली आवाजाही के चलते पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है।

थाना स्तर पर अधिकारियों को निर्देश हैं कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत वरिष्ठ अधिकारी तक पहुंचाएं। जिला पुलिस के साथ खुफिया पुलिस भी चौकन्नी है।

खुफिया पुलिस दिनभर शहर के विभिन्न स्थानों से जानकारियां जुटाती रही। एसएसपी अजय रौतेला ने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और कहीं कोई तनाव की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सहारनपुर के लिए बस सेवाएं ठप

देहरादून (एसएनबी)। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में भड़की दंगों की आंच का असर रोडवेज की बसों के संचालन पर पड़ रहा है। सहारनपुर में कर्फ्यू के चलते दून से संचालित होने वाली परिवहन निगम की बसों का संचालन सहारनपुर के लिए दूसरे दिन भी ठप रहा। इसके साथ ही आज सुबह से दिल्ली और अंबाला जाने वाली बसों का रूट भी बदल दिया गया है। दिल्ली रूट की बसें वाया हरिद्वार और करनाल भेजी जा रही हैं। अंबाला और पंजाब रूट की बसें वाया पौंटा साहिब भेजी जा रही हैं।

- वाया हरिद्वार, दिल्ली जा रही रोडवेज की बसें

रविवार को सहारनपुर के लिए बसों का संचालन ठप होने से आईएसबीटी में आए यात्रियों को बैरंग लौटना पड़ा। शनिवार से सहारनपुर में दो समुदायों के बीच तनावपूर्ण स्थितियों के चलते कर्फ्यू लगा हुआ है। सहारनपुर में कर्फ्यू लगे होने के कारण परिवहन निगम ने कल ही सहारनपुर के लिए रोडवेज की बसों का संचालन बंद कर दिया था। दून से सहारनपुर के लिए प्रतिदिन तकरीबन 15 बसों का संचालन किया जाता है। प्राइवेट बसें भी बड़ी संख्या में सहारनपुर के लिए चलती हैं। कर्फ्यू के कारण 26 जुलाई से सहारनपुर के लिए बसों का संचालन ठप है।

पिछले दो दिनों से देहरादून आईएसबीटी से सहारनपुर जाने वाले यात्रियों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। दिल्ली की बसों का भी रूट आज सुबह से बदल दिया है। दिल्ली की बसों को वाया करनाल और दिल्ली भेजा गया है। हालांकि सहारनपुर में दंगों की सूचना के चलते आईएसबीटी पर इस रूट पर जाने वाली सवारियों की संख्या कम है।

अंबाला,पंजाब की बसों को भी वाया पौंटा भेजा जा रहा है। परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना है कि केवल सहारनपुर जाने वाली बसों का संचालन फिलहार रोका गया है जबकि लंबी दूरी की अन्य बसों को वाया हरिद्वार, पौंटा व करनाल से भेजा जा रहा है। फिलहाल निगम प्रबंधन स्थितियों पर नजरे रखे हुए है।

आओ चलें ..... बाजार

क्वालीफाइड यौन रोगों में माहिर
आयुर्वेदाचार्य द्वारा सुखी वैवाहिक जीवन
किसी भी प्रकार की यौन समस्या का जड़ से समाधान एवं निराश रोगी जो अन्य जगहों से इलाज कराकर थक चुके हैं, अवश्य मिलें।
समय :- 11 AM से 1 PM तक
पता :- नेहरू कालोनी आई-47
मेन रोड पर बनी पानी की टंकी के सामने में नेहरू कॉलोनी पोस्ट देहरादून
9458147942, 9458147943
विज्ञापन एजेंसी हेतु सम्पर्क करें 9758747321